दैनिक भास्कर
लुधियाना, मंगलवार 13 नवंबर, 2018

# बेला कॉलेज की अमनप्रीत व भावना एमएससी में फर्स्ट



विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कॉलेज प्रबंधक कमेटी के सदस्य।

**भास्कर संवाददाता | चमकौर साहिब**

अमर शहीद बाबा अजीत सिंह जुझार सिंह मेमोरियल कॉलेज बेला के एमएससी (बायोटेक्नोलोजी) और एमएससी (आईटी) के नतीजे शानदार रहे। प्रिं. सुरमुख सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह एमएससी (बायोटेक्नोलोजी) का नतीजा 100 प्रतिशत रहा। इसमें भावना 76.8 प्रतिशत, परविंदर कौर 75 प्रतिशत और मनिंदर कौर 75 प्रतिशत अंक लेकर पास हुए।

इसी तरह एमएससी (आईटी) में अमनप्रीत कौर 83 प्रतिशत, परमिंदर कौर 81 प्रतिशत व तरनदीप कौर 80 प्रतिशत नंबर लेकर पास हुए। कॉलेज प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष संगत सिंह लौंगिया मैनेजर, सुखविंदर सिंह विस्की, सचिव जगविंदर सिंह, प्रिं. सुरमुख सिंह ने इन नतीजों के लिए खुशी जताते कहा कि हमें अपने कॉलेज अध्यापकों पर बहुत गर्व है। उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. सतवंत कौर शाही, डॉ. बलजीत सिंह, प्रो. ममता अरोड़ा, प्रो. रकेश जोशी, प्रो. मनप्रीत कौर, प्रो. जसप्रीत कौर, प्रो. रूही ग्रोवर, प्रो. नवरीत, प्रो. रमनदीप कौर, प्रो. तरनजीत कौर, प्रो. संदीप सैनी आदि उपस्थित थे।